






## एक नजर में

### रोजगार मेला 5 फरवरी को नेपानगर में

**बुरहानपुर, निप्र।** जिले में 5 फरवरी, गुरूवार को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) नेपानगर में प्रात: 10 बजे से युवा संगम का आयोजन किया जा रहा है। ईच्छुक आवेदक जो मेला में भाग लेना चाहते है वह अपने समस्त शैक्षणिक योग्यताएं, आधार कार्ड, समग्र आईडी की छायाप्रतियां एवं पासपोर्ट साईज फोटो के साथ नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर मेला का लाभ उठा सकते है।

### पॉलिटेक्निक कॉलेज बुरहानपुर में कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन, 58 छात्रों का हुआ चयन

**बुरहानपुर, निप्र।** बुधवार को जीजामाता शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज बुरहानपुर में कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन जीजामाता शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज बुरहानपुर एवं शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हरसूद ने संयुक्त रूप से कराया। इसमें सानवी प्रायवेट लिमिटेड के माध्यम से सोलेक्स एनर्जी लिमिटेड एवं एम.आरफ़. टायर कंपनी द्वारा 58 छात्रों का प्रारंभिक चयन हुआ। प्राचार्य डॉ. दीपक शाह ने जानकारी दी कि, भविष्य में भी कंपनियों के साथ प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करने का प्रयास जारी रहेगा। कैंपस प्लेसमेंट में प्राचार्य पॉलिटेक्निक कॉलेज हरसूद श्री आर.एस.सिसोदिया, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी श्री विकास जाधव एवं श्री पुष्पेंद्रसिंह चौहान, श्री किरण कुमार महाजन, श्री किशोर टिलवानी, श्री अरविंद अहिरवार, श्री दीपक लडे, श्री मनीष सक्सेना, समस्त स्टॉफ सहित विद्यार्थीगण मौजूद रहे।

### आर्ट ऑफ लिविंग का सत्संग आज सिंधी बस्ती के कटनी कैंप में होगा

**बुरहानपुर।** आध्यात्मिक संस्था आर्ट ऑफ़ लिविंग का सत्संग आज गुरुवार रात्रि 9 बजे सिंधी बस्ती में सब्जीमंडी के पास स्थित कटनी केम्प के सोइचना दरबार प्रांगण में आयोजित किया गया है। सत्संग के आयोजक पूजा विजय गुनवानी व संस्था के केन्द्र प्रमुख संतोष देवताले ने बताया कि सत्संग में ईश्वरीय आराधना और गुरुभक्ति पर आधारित मनमोहक भजनों की प्रस्तुति संस्था से जुड़े भरत रावल, राजेन्द्र पवार, विजय दुंबानी, राजरानी मेहता, अश्विनी मेहता द्वारा दी जाएगी। प्रशिक्षक रवींद्र पंडित और स्नेहा मुंगी के द्वारा सत्संग के अन्तर्गत संस्था की आगामी गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी तथा उपसित साधकों को ध्यान क्रिया भी कराई जाएगी। साथ ही साथ आगामी माह में भव्य स्तर पर आयोजित हो रहे इंट्यूशन प्रोसेस के संबंध में प्रशिक्षित बच्चों के द्वारा प्रशिक्षिका दीपाली पंडित के निर्देशन में आँख पर पट्टी बांधकर अद्भुत कृतियों की प्रस्तुति दी जाएगी। संस्था से जुड़े शेखर बोहरा, लक्ष्मण मित्तल, योगेश श्रॉफ, दीपक अदमने ने समस्त संस्था सदस्यों और नगरवासियों से सत्संग में उपस्थिति का आग्रह किया है।

### एमएसएमई उद्योगों हेतु ज़ेडईडी कार्यशाला आयोजित

**बुरहानपुर।** भारत सरकार की ''आरएएमपी योजना'' के अंतर्गत एडेप्ट एजुसिस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बुधवार को टेक्सटाइल प्रोसेसर एसोसिएशन, बुरहानपुर में एमएसएमई निर्माण उद्योगों के लिए ज़ेडईडी (शून्य दोष-शून्य प्रभाव) विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम लिमिटेड के मार्गदर्शन में आयोजित रहा, जो मध्यप्रदेश में आरएएमपी योजना की राज्य नोडल एजेंसी है। कार्यशाला में महाप्रबंधक उद्योग श्री सोनी सहित विभाग के अन्य अधिकारी, टेक्सटाइल औद्योगिक संघ अध्यक्ष, बुरहानपुर टेक्सटाइल व्यापारी संघ अध्यक्ष द्वारा सहभागिता की गयी। कार्यशाला के दौरान आरएएमपी योजना पर जागरूकता सत्र, ज़ेडईडी प्रमाणन के महत्व, लाभ एवं प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी गयी। इसी कड़ी में सरकारी ई-मार्केटप्लेस, ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स पर जागरूकता सत्र आयोजित रहा। इसके अतिरिक्त एमएसएमई नीति 2025, मध्यप्रदेश स्टार्टअप नीति तथा मध्यप्रदेश भूमि नियम 2025 जैसे महत्वपूर्ण शासकीय विषयों पर उद्योग विभाग द्वारा जानकारी साझा की गयी। साथ ही वॉलमार्ट वृद्धि कार्यक्रम पर आयोजित विशेष सत्र में श्री समीर मिस्त्री द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार से जोड़ने के अवसरों पर प्रकाश डाला गया। कार्यशाला में बुरहानपुर के एमएसएमई निर्माण क्षेत्र से लगभग 45 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का समापन एमएसएमई उद्योगों के सतत विकास एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के संदेश के साथ हुआ। इस अवसर पर श्री शुभम सरवार, श्री चंदन वाधवानी, श्री हेमंत झा सहित अन्य उपस्थित रहे।

### तीसरी रेलवे लाइन में आ रहे मकान, विधायक को सौंपा ज्ञापन

**नेपानगर।** तीसरी रेलवे लाइन का निर्माण होने वाला है। इसमें वार्ड नंबर 6 सरकार वल्लभ भाई पटेल क्षेत्र के रहवासी परेशान हैं। उनकी ओर से बुधवार को नेपानगर आगमन पर विधायक मंजू दादू को ज्ञापन सौंपा गया। हाल ही में रेलवे ने इसका सीमांकन किया है। गायत्री मंदिर रोड पर मकान बने हैं। रेलवे द्वारा भूमि का अधिग्रहण करने के बाद यह रास्ता बंद हो जाएगा। वहीं




रहवासियों ने कहा कि यहां मकान काफी जर्जर हैं। तीसरी लाइन बनने पर जब ट्रेन तेज स्पीड से निकलेगी तो जान माल का नुकसान हो सकता है। नेपा मिल एफ टाइप स्थित मकानों को जर्जर घोषित कर नोटिस जारी कर चुका है इसलिए रहवासियों ने मांग की- है कि उन्हें दूसरी जगह मकान आवंटित किए जाएं ताकि आने वाली परेशानी से बचा जा सके।

### ट्रायम्फल और एलेन ने फूंका नए शिक्षण सत्र का बिगुल, ओपन सेशन में नन्हे मुन्हें बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन



**बुरहानपुर।** ट्रायम्फल आर्च एकेडमी और एलेन ने संयुक्त रूप से वार्षिक उत्सव 'ओपन सेशन 2026' आयोजित किया जिसकी शुरुआत सरस्वती वंदना एवं भगवान श्री गणेश को समर्पित नृत्य से हुई एवं मंच पर नन्हे मुन्ने बच्चों की प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया साथ ही भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित नृत्य ने खूब तालियां बटोरी। इस अवसर पर शाला में आयोजित खेल सप्ताह, शैक्षणिक एवं सह शैक्षणिक गतिविधियों में अपना स्थान सुनिश्चित करने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र सौंप कर मंच पर सम्मानित किया गया। एलेन बिहार, मध्य प्रदेश और झारखंड के ज़ोनल हेड श्री विशाल केजरीवाल ने उपस्थित पालकों एवं विद्यार्थियों को संबोधित किया एवं एलेन बुरहानपुर की सीनियर डिवीजन टीम से सबको परिचित कराया और बताया कि अब एलन में पढ़ने हेतु कोटा या कहीं और जाने की आवश्यकता नहीं है कोटा एवं देश का प्रसिद्ध इंस्टिट्यूट एलन अब ट्रायम्फल आर्च एकेडमी बुरहानपुर में ही ढ्ढश्व-छ्वश्व और हृश्वश्वञ्ज की तैयारी हेतु उपस्थित है। संस्था चेयरमैन श्री कमलेश पटेल ने बताया कि संस्था हर वर्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करती है और बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने हेतु मंच उपलब्ध करवाती है। हर विद्यार्थी मंच पर आकर प्रस्तुति दे ये संस्था का उद्देश्य है। संस्था सचिव श्रीमती नम्रता पटेल ने बताया कि विगत तीन वर्षों से कक्षा 6 वी से 10 वी तक क्कष्टस्न के तहत ट्रायम्फल और एलेन मिलकर काम कर रहे है एवं कक्षा 10 वी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम दिए है। इस वर्ष हम पालकों के सहयोग से एलेन के सीनियर डिवीजन का भी शुभारंभ कर रहे है। संस्था प्राचार्य डॉ मनुभाई पटेल ने बताया कि आयोजित ओपन सेशन के साथ शाला में फूड कार्निवल भी आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने पालकों के साथ मिलकर स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल्स लगाए एवं व्यापार के गुण भी सीखे।

# तीन दिन सुदर्शन क्रिया करने वाला व्यक्ति कभी उदास नहीं रह सकता : चिंतामन महाजन

## आर्ट ऑफ लिविंग के पांच दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम का सुंदरनगर में हुआ सफल समापन

नवभारत न्यूज़

**बुरहानपुर।** आर्ट ऑफ़ लिविंग का कोर्स नववर्ष में मेरे जीवन के लिए सर्वश्रेष्ठ उपहार के रूप में मुझे मिला है। मैं 5 दिन के शिविर में अपने अनुभव के आधार पर यह कह सकता हूँ की जो व्यक्ति प्रतिदिन सुदर्शन क्रिया करता है, वह कभी निराश और उदास नहीं रह सकता। इस शिविर का एक -एक दिन और सिखाई जाने वाली सुदर्शन क्रिया के साथ ज्ञान की चाबियाँ मानव जीवन की हर समस्या का समाधान देती है। उक्त उद्गार रास्तीपुरा वार्ड से 4 बार पार्षद रह चुके वरिष्ठ समाजसेवी और भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री चिंतामन महाजन ने आर्ट ऑफ़ लिविंग के बीती रात सुंदरनगर के श्री श्री ज्ञान मंदिर सभागृह में संपन्न हुए समापन सत्र में अपने अनुभव साझा करते हुए कही। मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए शहर के प्रमुख उद्योगपति और संस्था के वित्तीय प्रबंधक लक्ष्मण मित्तल ने कहा की भव्य स्तर पर आयोजित हो रहे निरंतर शिविर से शहर के बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित हो रहे हैं। आज से 17 साल पहले हमने एक गमले में छोटा सा पौधा रोपा था, जो आज हमारे वरिष्ठ प्रशिक्षक देवताले सर, और प्रशिक्षक पंडित दम्पत्ति सहित अन्य सभी शिक्षक और वालंटियर्स के संयुक्त प्रयास से वटवृक्ष बनता जा रहा है।

शिविर में प्रतिभागी के रूप में नेहरू चिकित्सालय में सेवारत रही डॉ.काजोल चौधरी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा की चिकित्सीय दृष्टिकोण से भी यह सेमिनार प्रत्येक उम्र के महिला पुरुषों के लिए बहुत ही लाभदायक है। इसमें सिखाई जाने वाली सुदर्शन क्रिया प्रतिरोधात्मक क्षमता को भी बढ़ाती है और शरीर के नर्वस सिस्टम पर भी सकारात्मक रूप से काम करती है। बड़ी संख्या में



शामिल हुए प्रतिभागियों में चार्टर्ड अकाउंटेंट वैभव दुबे, इंजीनियरिंग की छात्रा सौम्या पाटिल, बैंक ऑफ़ बड़ौदा से सेवानिवृत्त हुवे अधिकारी देवराम महाजन, और अध्यापिका रत्ना बारी करुणा काशीवाले एवं राजेंद्र येवले ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए इस शिविर को तथा इसमें सिखाई जाने वाली ज्ञान की चाबियों को सृष्टि का अनमोल उपहार बताया। वरिष्ठ प्रशिक्षक संतोष देवताले ने सभी साधकों से कहा कि शिविर जरूर आज समाप्त हुआ लेकिन आपके जीवन में आज से इसकी शुरुआत हुई है। अगर आप सभी आगामी 41 दिवस तक प्रतिदिन समय की प्रतिबद्धता के साथ घर पर इसका अभ्यास करते हैं तो आपके जीवन में कभी दरिद्रता नहीं आ सकती। समपन सत्र में इंट्यूशन प्रोसेस के संबंध में जानकारी देते हुए संस्था की जोनल टीचर कोऑर्डिनेटर और सक्रिय प्रशिक्षिका दीपाली रवींद्र पंडित ने कहा कि 5 साल से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए भी गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी ने इंट्यूशन प्रोसेस का अनूठा ज्ञान दिया है। इस कोर्स के माध्यम से जो बच्चे इसका अभ्यास करते हैं, उनकी छठी इंद्रिय जागृत हो जाती है और वे आंखों पर पट्टी बांधकर कलर पहचान लेते हैं, नोट के नंबर पढ़कर बता देते हैं, इतना ही नहीं उन्हें कम समय स्कूल की पढ़ाई का सब कुछ याद होने लगता है। शिविर के दौरान आंख पर पट्टी बांधकर सभी छोटे छोटे बच्चों ने बहुत ही अद्भुत आश्चर्यचकित कर देने वाला डेमोस्ट्रेशन प्रेजेंटेशन दिया। बच्चों के लिए इंट्यूशन प्रोसेस का यह शिविर आगामी माह में बहुत ही भव्य स्तर पर तेरह मार्च से प्रारंभ हो रहा है। सेमिनार के आयोजक और प्रमुख संचालक प्रशिक्षक रवींद्र पंडित, देशमुख पवार, नरेन्द्र पवार, प्रकाश काशीवाले दीपक अदमने नंदनी पंडित और अन्य सभी वॉलंटियर्स का इस शिविर को भव्य स्वरूप में सफल बनाने में विशेष सहयोग रहा।

## जिलाबदर के आदेश का पालन न करने वाले को न्यायालय ने एक वर्ष सश्रम कारावास एवं रु.1000 का अर्थदण्ड दंडित किया

**बुरहानपुर।** सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्री रूपेश मुजाल्दे एवं सुश्री ज्योति मुजाल्दे व प्रिया सोनी द्वारा अभियोजित महत्वपूर्ण प्रकरण में माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी रमजान पिता मियां खान आयु 40 वर्ष निवासी देवीदास की खिड़की के पास बुरहानपुर को जिलाबदर के आदेश का उल्लंघन करने पर न्यायालय द्वारा दंडित किया गया। सहायक जिला अभियोजन अधिकारी सुश्री ज्योति मुजाल्दे ने बताया कि, आरक्षी केन्द्र गणपतिनाका बुरहानपुर में पदस्थ उपनिरीक्षक चेतराम निकुम को दिनांक 20.12.2024 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि थाना गणपतिनाका का जिला बदर किया गया अभियुक्त रमजान खां लोहारमंडी गेट क पास खडा हुआ है। मखबिर की सूचना पर फोर्स' के प्रधान आरक्षक जितेन्द्र राठौर व आरक्षक लक्की पटेल को तथा पंचान चूड़ामन व मोहम्मद शब्बीर को तलब कराकर मुखबिर की सूचना से अवगत कराया, जिसके पश्चात् वे मुखबिर के बताये स्थान लोहारमंडी ' गेट के पास पहुंचे, जहां अभियुक्त रमजान ' खां दिखा., जिसे फोर्स 'व पंचान की सहायता से घेराबंदी कर पकड़कर नाम, पता पूछने पर उसने अपना नाम रमजान खान पिता मियां खान, आयु 40 वर्ष निवासी 'देवीदास की खिड़की के पास, लोहारमंडी, बुरहानपुर का होना बताया। अमियुक्त से उसके यहां आने का कारण पूछने पर अभियुक्त संतोषजनक जवाब नहीं दे सका और नाही कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत किये। कलेक्टर, जिला बुरहानपुर द्वारा प्र.क्र./ जि.ब.743 /24 दिनांक 16.08.2024 धारा 14 म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत अभियुक्त को जिला बुरहानपुर से लगे सीमावर्ती जिले खण्डवा, खरगौन, हरदा, बड़वानी जिलों के राज्य की सीमा से बाहर चले जाने का निष्कासन आदेश पारित किया गया था., जिसका अभियुक्त द्वारा उल्लंघन किया गया। अभियुक्त का कृत्य अपराध धारा 14 म प्र. राज्य सुक्षा अधिनियम का पाये जाने से अभियुक्त को गिरफतार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध अपराध धारा 14 म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम का पंजीबद्ध कर अनुसंधान पश्चात अभियोगपत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। शासन की ओर से प्रकरण में सफलतापूर्वक पैरवी सहायक जिला अभियोजन अधिकारीगण श्री रूपेश मुजाल्दे एवं सुश्री ज्योति मुजाल्दे , प्रिया सोनी द्वारा की गई।

केंद्रीय बजट कार्यशाला

## नेपानगर और नावरा में आयोजित कार्यशाला में विधायक ने भाजपा कार्यकर्ताओं को दी जानकारी

**नेपानगर।** हाल ही में केंद्र सरकार ने बजट 2026 पेश किया है। इसे आमजन तक पहुंचाने और इसमें लिए गए निर्णयों का प्रचार प्रसार करने के लिए नेपानगर विधायक मंजू दादू को अनुसूचित जनजाति का टोली प्रमुख बनाया गया है। बुधवार को विधायक ने नेपानगर और नावरा में कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचकर कार्यशाला के माध्यम से बजट की बारीकियां। इसमें लिए गए निर्णय से अवगत कराया। नेपानगर में आयोजित कार्यशाला में विधायक ने कार्यकर्ताओं को मुख्य बिंदुओं को समझाते हुए बजट की जानकारी साझा की गई। उन्होंने कहा इस केंद्रीय बजट 2026 में सरकार ने एक तरफ़ मैन्युफैक्चरिंग, एक्सपोर्ट और ग्रीन एनर्जी को राहत दी है तो दूसरी तरफ शेयर बाज़ार से जुड़े निवेश और कुछ गतिविधियों को महंगा किया है। सरकार ने दावा किया है कि यह बजट विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की तरफ बढ़ने में काफी अहम साबित होगा। यही नहीं सरकार ने इलेक्ट्रिक व्हीकल, सोलर पैनल और ग्रीन एनर्जी उत्पादन से जुड़े कुछ उपकरणों पर भी ड्यूटी कम की है। सरकार ने कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली 17 दवाओं पर बेसिक कस्टम ड्यूटी हटा दी है जिससे भारतीय बाज़ार में ये दवाएं सस्ती हो जाएगी। इसके अलावा 7 दुर्लभ बीमारियों के इलाज के लिए विदेश से मंगवाई जाने वाली दवाओं पर भी सरकार ने ड्यूटी हटा दी है।

नावरा में भी आयोजित हुई कार्यशाला :- भाजपा कार्यालय नावरा में आयोजित कार्यशाला में नेपानगर विधायक मंजू दीदी ने पिछले दिनों संसद में प्रस्तुत केंद्रीय बजट पर चर्चा करते हुए कहा कि बजट में 2047 तक के विजन को प्रस्तुत किया गया है। पहली बार स्वास्थ्य बजट एक लाख करोड़ के पार पहुंचा है। शिक्षा का बजट 1 लाख 39 लाख करोड़ रुपए है




इससे 800 जिलों में एक एक गर्ल्स हॉस्टल खुलेगा। यह बजट 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को दर्शाता है। विकसित भारत के लिए एक स्पष्ट रूपरेखा तैयार करता है। देश के हर वर्ग के लोगों को ध्यान में रखकर यह बजट तैयार किया गया है। कार्यशाला में नवनियुक्त जिला महामंत्री संजय जाधव ने कहा कि अंतिम पंक्ति पर बैठा हुआ कार्यकर्ता के दम पर ही भाजपा सरकार है। यह बात नेताओं को नहीं भूलना चाहिए। कार्यशाला में उपस्थित भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश महाजन, दौलत कोल्हे, युवराज पाटिल, मंडल अध्यक्ष क्षितिज महाजन, जिला उपाध्यक्ष गजानंद यादव, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि किशन धांडे, भारत पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज महाजन, संतोष चौधरी, राजू वाल्के, मनीष नारखेड़े, दिलीप यादव, मौजीलाल, चंपालाल कलमे, बालू सरपंच, संदीप झोपे सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शहर के नागरिकों को शुद्ध पेयजल की पूर्ति के लिए महापौर की सतत निगरानी

## सभी वार्डो में लगातार पाईप लाईनों के रिपेयरिंग मेंटेनेंस का कार्य लगातार जारी : महापौर

**बुरहानपुर।** महापौर माधुरी अतुल पटेल द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि शहर में जल समस्या से संबंधित शिकायतों का तत्काल निराकरण किया जाए इसके लिए नगर निगम की टीम द्वारा 24 घंटे पाईप लाईन रिपेयरिंग दुरुस्तीकरण का कार्य किया जा रहा है तथा निगम की अलर्ट मोड पर है शहर के नागरिकों की शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई की जा रही है निगम ने टोल फ्री नंबर भी जारी किया है। 9630028148,07325—255019 पर आप अपनी शिकायतों का निराकरण करवा सकते हैं। आज भी नगर निगम द्वारा शहर में बुधवारा वार्ड में पाईप लाईन रिपेयरिंग, ट्रांसपोर्ट नगर में पाईप लाइन दुरुस्तीकरण, लालबाग गांधी कॉलोनी में पाइप लाइन से पानी नहीं आ रहा था उसका भी सुधार कार्य किया गया, पार्षद अबरार भाई के घर के पास अंसार नगर में एक्सवेशन फॉर लाइंग रिपेयरिंग दुरुस्तीकरण कार्य किया गया। लोहार मंडी में पाइप लाइन वॉल्व रिपेयरिंग दुरुस्तीकरण कार्य किया गया प्रतापपुरा अंबेडकर नगर वार्ड में रिपेयरिंग दुरुस्तीकरण कार्य लगातार वार्डों में जारी है। महापौर के निर्देश पर लगातार वार्डों में पाइप लाइन लीकेज सुधार रिपेयरिंग दुरुस्तीकरण का कार्य किया गया। निगम महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने बताया कि नल में प्रेशर की कमी पाइपलाइन में लीकेज वाल्व में सुधार चैनेलाइजेशन पाइपलाइन में प्रिंसिपल दूरी बनाए रखने जैसे कार्य में पूरा हमला लगा हुआ है स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा पानी की सैंपल लेकर पानी की जांच की जा रही है। नगर निगम के जल विभाग के कर्मचारियों को साफ निर्देश दिए गए है स.।त्न स्वयं सहायता समूह की कर्मचारियों के साथ प्रत्येक वार्ड में घर-घर जाकर पानी का सैंपल लेकर वॉटर टेस्टिंग की जाए। हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता यह है कि शहर के प्रत्येक नागरिक तक स्वच्छ जल मिले। इस अवसर पर सहायक यंत्री अशोक पाटिल उपयंत्री सुनील चौहान सौरव वर्मा संतोष सुखदाने नितिन तिवारी नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



## किसान आम की फसल पर छिड़काव करें फसल प्रभात : डॉक्टर सिंह

**बुरहानपुर।** किसान आम की फसल पर छिड़काव करें फसल प्रभात यह जानकारी डॉक्टर संदीप कुमार सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख एवं मेघा विभूति उद्यान विशेषज्ञ ने बताया कि किसान भाई आम की फसल पर फसल प्रभात का छिड़काव कर आम की पैदावार बढ़ा सकते हैं यह फसल प्रभात केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान लखनऊ द्वारा तैयार किया गया है फसल प्रभात में सूक्ष्म पोशाक तत्व जस्ता बोरान, मैग्नीशियम, तांबा ,लोहा और हयूमिक एसिड का प्रयोग संतुलित मिश्रण है फसल प्रसाद का प्रयोग करने से पौधे का विकास फल ,सेटिंग और पैदावार में बढ़ोतरी होती है यह पोषक तत्वों की कमी को भी दूर करता है फलों की गुणवत्ता में सुधार एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता में बढ़ोतरी करता है फसल प्रभात का पर्णी छिड़काव के रूप में 5 ग्राम प्रति लीटर पानी में मिलकर आम की फसल पर फूल आने की अवस्था में दो से तीन बार 10 दिन के अंतराल पर छिड़काव किया जा सकता है फिर इसको मिट्टी में भी चार से पांच किलोग्राम प्रति एकड़ की दर से भी प्रयोग किया जा सकता है फसल प्रभात कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा आम की फसल पर प्रयोग करने के लिए किसानों को नि:शुल्क दिया जाएगा।



एक नजर में — वनकर्मियों को किया गया प्रशिक्षित, आग लगने पर किए जाने वाले उपाय, सावधानियों के बारे में बताया गया

# असीरगढ़ रेंज में वन अग्नि नियंत्रण प्रशिक्षण सह कार्यशाला

नवभारत न्यूज

**नेपानगर।** जिले की असीरगढ़ रेंज में सोमवार को वन विभाग की ओर से वन अग्नि नियंत्रण प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान वनकर्मियों को बताया गया कि अगर जंगल में आग लगती है तो उस पर कम समय में ही किस तरह नियंत्रण पाया जा सकता है। क्या क्या उपाय किए जा सकते हैं ताकि आग ज्यादा न फैले। डीएफओ विद्या भूषण सिंह के निर्देशन में वन परिक्षेत्र असीर की बीट आशा देवी के कक्ष क्रमांक 155 चूलखान नर्सरी में वनों की आग से सुरक्षा का उप वन मंडल स्तरीय प्रशिक्षण सह




कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसमें वन क्षेत्र में अग्नि रेखा की कटाई जलाई का कार्य करने के संबंध में विस्तार से एसडीओ नेपानगर विक्रम सुलिया ने जानकारी दी। 15 फरवरी से पहले तैयारियां पूरी करें :- एसडीओ ने बताया कि वन खंडों, वन मार्ग, पीडब्ल्यूडी मार्ग, पौधारोपण क्षेत्र, पुरानी अग्नि रेखाओं को निर्धारित मापदंड अनुसार काटकर 15 फरवरी के पहले जलाया जाए। सभी वनरक्षक अपनी अपनी बीट क्षेत्र में स्थित समितियो की बैठक लेकर उनको भी वनों को अग्नि से सुरक्षा हेतु प्रशिक्षित करें। आग लगने पर त्वरित कार्रवाई करें। आग बुझाने वाले उपकरणों का उपयोग करें। ब्लोअर मशीन से डेमो करके दिखाया गया। प्रशिक्षण सह कार्यशाला में ब्लोअर का प्रयोग कर आग़ पर किस प्रकार नियंत्रण किया जाता है और काउंटर फायर द्वारा वन अग्नि बुझाने की प्रक्रिया का डेमो बीट असीर के कक्ष क्रमांक 154 में दिया गया। मनोज वास्कले वन परिक्षेत्र अधिकारी धुलकोट द्वारा वन कर्मियों को वन अग्नि नियंत्रण पर जाने के लिए खुद के पीने का पानी साथ ले जाने और खुद को निर्जलीकरण से बचाने की सलाह दी। यह रहे मौजूद:- प्रशिक्षण सह कार्यशाला में नावरा रेंजर पुष्पेंद्र जादौन, रेंज असीर, धुलकोट, नावरा के वन कर्मचारी, अधिकारी, सुरक्षा श्रमिक मौजूद थे। आभार धर्मेंद्र सिंह राठौड़ रेंजर असीर ने व्यक्त किया।